प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 02.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- नये आपराधिक कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए झारखंड में पुलिसकर्मियों को किया जा रहा है प्रशिक्षित, केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा– तीन नए कानून देश में अत्याधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित करेंगे।

2- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की एनडीए संसदीय दल की बैठक, सांसदों से मर्यादित आचरण करने की अपील, आज लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर देंगे जवाब।

3- केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से सात जुलाई तक मांगे सुझाव।

4- राज्य में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, मौसम विभाग ने रांची, गोड्डा और पश्चिमी सिंहभूम समेत 17 जिलों के लिए जारी किया बारिश का येलो अलर्ट।

**********************

झारखंड समेत पूरे देश में कल से तीन नये आपराधिक कानून लागू हो गये हैं। नये कानून के तहत पहले दिन रांची में दो समेत पूरे झारखंड में 33 मामले दर्ज किये गये हैं। राज्य में नये कानून को लेकर पुलिस ने एक कंट्रोल रुम बनाया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने कहा है कि नये कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए झारखंड पुलिस पूरी तरह तैयार है।

**********************

नए आपराधिक कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए झारखंड में कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में आज कोडरमा जिले के पुलिसकर्मियों को एसडीपीओ जितवाहन उरांव के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर एसडीपीओ ने नये कानूनों की प्रासंगिकता से पुलिसकर्मियों को अवगत कराया। एसडीपीओ ने यह भी बताया कि पहले दिन नये कानून के तहत जिले में दो मामले दर्ज किये गये हैं।

**********************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नये आपराधिक कानून देश में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली का नेतृत्व करेंगे। श्री शाह ने नई दिल्ली में कहा कि नए कानून त्वरित न्याय और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को प्राथमिकता दी गई है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ नए प्रावधानों के साथ राजद्रोह कानून को समाप्त कर दिया है। गृहमंत्री श्री शाह ने बताया कि पहली बार कानून में मॉब लिंचिंग के खिलाफ प्रावधान किए गए हैं।

**********************

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनडीए संसदीय दल की बैठक की। इस बैठक में श्री मोदी ने कहा कि सांसदों को सदन में अच्छा आचरण करना चाहिए।

**********************

अपराध अनुसंधान विभाग, सीआईडी ने झारखंड सहित 18 राज्यों में ठगी करने वाले साइबर अपराधी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम मकिरेड्डी सुजीत कुमार है। उसके पास से मोबाइल फोन सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। उसके खिलाफ झारखंड सहित 18 राज्यों में साइबर ठगी के 94 मामले दर्ज हैं ।

**********************

पलामू टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ाने की पहल की जा रही है।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

**********************

सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए में मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से सुझाव और प्रतिक्रिया मांगी हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से परीक्षा प्रक्रिया में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की संरचना और कार्यप्रणाली पर सुझाव और विचार मांगे हैं। सुझाव 7 जुलाई तक भेजे जा सकते हैं।

**********************

कोडरमा जिले में 30 जून को 9वीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल होने से 56 प्रतिशत विद्यार्थी वंचित रह गये हैं। इसमें शिक्षा विभाग की लापरवाही सामने आयी है। जिले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने पूरे मामले की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि लापरवाही करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**********************

हजारीबाग के मरियम टोली स्थित नव प्राथमिक विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है। विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार सिंह ने अतिक्रमण की सूचना स्थानीय थाना, सदर अंचल अधिकारी और विभागीय अधिकारियों को दी है और अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**********************

जमशेदपुर की परसुडीह पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों की निशानदेही पर छापेमारी कर पुलिस ने चोरी की तीन बाइक भी बरामद की है। डीएसपी विधि व्यवस्था ने बताया कि दो अपराधियों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।

**********************

देवघर उपायुक्त विशाल सागर ने देवीपुर प्रखण्ड की फुलकरी पंचायत के मुखिया द्वारा विकास योजनाओं में बरती गयी अनियमितता पर संज्ञान लिया है। उपायुक्त ने कार्यपालक दंडाधिकारी विभूति मंडल की अध्यक्षता में जांच टीम का गठन किया है। जांच टीम से एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी गयी है।

**********************

गोड्डा जिले में स्टॉप डायरिया कैंपेन के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के बीच ओआरएस और जिंक टैबलेट बांटे जा रहे हैं। यह अभियान 31 अगस्त तक चलाया जायेगा। सात जुलाई तक घर–घर जाकर इन दवाइयों का वितरण किया जायेगा।

**********************

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून ने अब रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि सात जुलाई तक रांची, कोडरमा, हजारीबाग, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, दुमका समेत राज्य के 17 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

**********************

दुमका जिले में रविवार से ही रुक रुक कर लगातार बारिश हो रही है। इससे किसानों में उत्साह है।

********समाप्त********